आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**1845 मंगलवार** **दिनांक 10.02.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आयोजित बस्तर पंडुम उत्सव ने बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आदिवासी विरासत को शानदार ढंग से प्रदर्शित किया।

2– मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज छह हजार चार सौ से अधिक जोड़ों का विवाह कराया गया।

3– एसआईआर के तहत प्राप्त दावों और आपत्तियों पर सुनवाई तथा दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया चौदह फरवरी तक पूरी की जाएगी–इक्कीस फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन।

**और**

4– राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में आज से सामूहिक दवा सेवन अभियान की शुरूआत।

..........

**प्रधानमंत्री–बस्तर पंडुम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में आयोजित बस्तर पंडुम उत्सव ने बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और आदिवासी विरासत को शानदार ढंग से प्रदर्शित किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री

मोदी ने कहा कि पहले जब बस्तर का नाम लिया जाता था तो माओवाद, हिंसा और विकास में पिछड़ेपन की छवि उभरती थी। लेकिन, अब हालात बिल्कुल बदल चुके हैं। आज बस्तर विकास के साथ–साथ स्थानीय लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास के लिए जाना जाता है। श्री मोदी ने कहा कि ऐसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उत्सव से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि आने वाला समय इस क्षेत्र के लिए शांति, प्रगति और सांस्कृतिक गौरव की भावना से परिपूर्ण होगा।

गौरतलब है कि बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में सात से नौ फरवरी तक संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम उत्सव का आयोजन किया गया।

## अमित शाह–साइबर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में साइबर धोखाधड़ी से निपटने और इसके पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट करने पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि साइबर सुरक्षा अब देश की सुरक्षा से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में साइबर अपराध को खत्म करने के लिए कई पहल शुरू की हैं। श्री शाह ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र – आई फोर–सी साइबर अपराध के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। उन्होंने देशवासियों के बीच साइबर सुरक्षा के बारे में अधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में आज राज्य स्तरीय विवाह कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छह हजार चार सौ से अधिक जोड़ों का विवाह कराया गया।

रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में तेरह सौ से अधिक जोड़ों का विभिन्न धार्मिक परंपराओं और रीति–रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न हुआ। इन जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत पैंतीस हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह आयोजन केवल विवाह समारोह नहीं, बल्कि सर्व–धर्म, समभाव और सामाजिक एकता का उत्सव है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का भी औपचारिक शुभारंभ किया। यह अभियान पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सरगुजा और बस्तर संभाग के आठ जिलों में संचालित किया जाएगा।

कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम में दो सौ बहत्तर जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बाराती बनकर शामिल हुए।

**एमओयू**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में आज रायपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू के तहत राज्य में सेंटर ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप और इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसके माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वन औरं औषधीय उत्पाद आधारित मेडटेक, स्मार्ट सिटी समाधान तथा स्मार्ट कृषि जैसे  क्षेत्रों में नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहन मिलेगा।

**एसआईआर–दावा/आपत्ति**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत प्राप्त दावों और आपत्तियों पर सुनवाई तथा दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया चौदह फरवरी तक जारी रहेगी। अब तक राज्यभर में जारी किए गए लगभग अंठानवे प्रतिशत नोटिसों पर सुनवाई पूरी की जा चुकी है। दावों और आपत्तियों पर सुनवाई तथा दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र पाए गए आवेदनों का निराकरण कर इक्कीस फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। मतदाता सूची से संबंधित किसी भी सहायता के लिए निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, संबंधित बीएलओ अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में आज से सामूहिक दवा सेवन अभियान की शुरूआत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पच्चीस फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के दौरान सभी पात्र लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। दवा सेवन स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में डॉट्स पद्धति के माध्यम से कराया जाएगा, ताकि इसका सही प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके। इस अभियान के तहत दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को यह दवा नहीं दी जाएगी। वहीं, प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर शिविर लगाकर दवा सेवन कराया जाएगा। इसके बाद घर–घर जाकर पात्र व्यक्तियों को दवा दी जाएगी।

## आरबीआई–कार्यशाला

भारतीय रिज़र्व बैंक–आरबीआई ने वित्तीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कल नौ फरवरी को 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' के ग्यारहवें संस्करण का शुभारंभ किया। 'केवाईसी – सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम' थीम पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य लोगों को डिजिटल बैंकिंग के दौर में उनकी सुरक्षा से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराना है।

'वित्तीय साक्षरता सप्ताह' के तहत रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का उद्घाटन आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक रीनी अजित ने किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ध्रुव गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बैंकिंग के जटिल नियमों को सरल भाषा में समझाने के लिए चार विशेष पोस्टरों का विमोचन किया गया। ये पोस्टर मुख्य रूप से केवाईसी की मूल बातें, केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री की कार्यप्रणाली और बैंक खातों में अनुशासन तथा स्वच्छता बनाए रखने जैसे उप–विषयों पर केंद्रित हैं। इस संदेश को लोगों तक पहुंचाने के लिए आरबीआई ने एक व्यापक मल्टीमीडिया अभियान शुरू किया है। साथ ही सभी बैंकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने ग्राहकों के बीच सक्रिय रूप से जानकारी साझा करें।

## अरपा महोत्सव

गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा स्थित शासकीय स्कूल में आज अरपा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत तीन सौ जोड़ों का सामूहिक विवाह किया गया। महोत्सव स्थल पर आज शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही विभागीय स्टॉल, मेला, झूला और फूड जोन लोगों के आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

## सरगुजा ओलंपिक

सरगुजा संभाग के छह जिलों में आज से जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। राज्य की खेल संचालक तनुजा सलाम ने बताया कि बारह फरवरी तक चलने वाले इस ओलंपिक में चौदह से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बालक–बालिका और सत्रह वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला–पुरूष बारह विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरगुजा ओलंपिक में भाग लेने के लिए तीन लाख उनचास हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। प्रतियोगिता के तहत कबड्डी, खो–खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, कराटे, तीरंदाजी, रस्साकशी सहित अन्य पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है।

## मैनपाट महोत्सव

सरगुजा जिले के मैनपाट में तेरह से पंद्रह फरवरी तक 'मैनपाट महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के दौरान लोकगीत और आधुनिक संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

## मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच कल ग्यारह फरवरी से एक बार फिर न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना जताई है।

मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री वाणी ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती घेरे के रूप में पंजाब और उससे लगे उत्तर पाकिस्तान के ऊपर बना हुआ है। इसके असर से अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आएगी।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक कल ग्यारह फरवरी को सुबह ग्यारह बजे से नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में आयोजित की जाएगी।

–	राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में भुइयां व्हाट्सऐप चैटबॉट सेवा और ऑटो–डाइवर्ज़न सुविधा का शुभारंभ किया। इन सेवाओं के शुरू होने से लोगों को अब राजस्व संबंधी सेवाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

और

–	रायपुर पुलिस ने ज्वेलरी दुकानों और सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग अट्ठाईस लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात, नगदी रकम और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>